https://www.cgboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या : **17+6+6=29** ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **8**

# XIIHY-202301

## विषय : लेखाशास्त्र

समय : **3 घण्टे** ] [ पूर्णांक : ***80***

***निर्देश*** :

(*i*) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है—(अ), (ब) एवं (स)।

(*ii*) खण्ड (अ) के **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*iii*) खण्ड (ब) एवं खण्ड (स) में से कोई भी **एक** खण्ड हल करना है।

(*iv*) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।

(*v*) अधिकतम शब्द-सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 1 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 11 और 12 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*ix*) प्रश्न क्रमांक 13 से 15 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं।

(*x*) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



## खण्ड-(अ)

सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**प्रश्न-1** ख्याति है : [1]

(अ) एक चल सम्पत्ति (ब) एक स्थायी सम्पत्ति

(स) एक मूर्त सम्पत्ति (द) एक कृत्रिम सम्पति

**प्रश्न-2** साझेदारी संलेख के अभाव में ऋण पर ब्याज दिया जाता है : [1]

(अ) 5% की दर से (ब) 6% की दर से

(स) 8% की दर से (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न-3** कम्पनी का सबसे महत्वपूर्ण प्रलेख होता है : [1]

(अ) प्रविवरण (ब) पार्षद अन्तर्नियम

(स) पार्षद सीमानियम (द) सदस्यों का रजिस्टर

**प्रश्न-4** सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों की कम-से-कम संख्या होनी चाहिए : [1]

(अ) 25 (ब) 7

(स) 50 (द) 100

**प्रश्न-5** साझेदारी फर्म के समापन पर कौन-सा खाता बनाया जाता है? [1]

**प्रश्न-6** कौन-सी कम्पनी अंश जारी नहीं कर सकती? [1]

**प्रश्न-7** पुनर्मूल्यांकन खाता कब बनाया जाता है? [3]

**प्रश्न-8** Z लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10000 समता अंश जनता में निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गयी। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

**प्रश्न-9** आदित्य के पास 10 रु. वाले 50 समता अंश थे, जिसके उन्होंने 200 रु. ही चुकाए तथा शेष राशि का भुगतान न करने पर कम्पनी ने उनके अंशों का हरण कर लिया। आवश्यक हरण संबंधी पंजी प्रविष्टियाँ करें। [3]

**प्रश्न-10** राज लिमिटेड ने 100 रु. वाले 5000 11% ऋणपत्र 110 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से निर्गमित किए। सारी राशि आवेदन पर ही प्राप्त हो गई। जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

**प्रश्न-11** त्याग अनुपात एवं लाभ प्राप्ति का अनुपात में अन्तर बताइए (कोई *चार*)। [4]

***अथवा***

वसूली खाता एवं पुनर्मूल्यांकन खाते में अंतर बताइए (कोई *चार*)।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-12** कमलेश और कोमल क्रमशः 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। वे प्रशांत को फर्म में 1/5 भाग के लिए प्रवेश देते हैं। निम्न दशा में नया अनुपात ज्ञात कीजिए—

यदि कमलेश और कोमल अपना अनुपात पूर्ववत ही रखें। [4]

***अथवा***

गौतम और गिरीश एक फर्म में 5:4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। वे डेविड को फर्म में 1/4 भाग हेतु प्रवेश देते हैं। निम्न दशा में नया अनुपात ज्ञात कीजिए—

यदि डेविड अपना हिस्सा सिर्फ गौतम से प्राप्त करे।

**प्रश्न-13** हिमांशु लिमिटेड कम्पनी ने 10 रु. वाले 12000 अंश जारी किये। इस सम्बंध में 2 रु. आवेदन पर, 4 रु. आबंटन पर एवं 4 रु. प्रथम व अंतिम याचना पर देय है। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [6]

***अथवा***

*Y* लिमिटेड ने 5000 समता अंश जारी किये। प्रत्येक का मूल्य 10 रु. था। इस संबंध में 3 रु. आवेदन पर, 3 रु. आबंटन पर तथा शेष राशि प्रथम व अंतिम याचना पर देय है। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

**प्रश्न-14** राज, राजू और रंजीत साझेदार हैं, जो 3 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। उनकी पूँजी क्रमशः 6,000 रु., 4,000 रु. और 2,000 रु. हैं। सन् 2017 में उन्हें 4,500 रु. का लाभ हुआ। रंजीत को 500 रु. प्रति वर्ष वेतन देना निश्चित था। उस वर्ष उन्होंने क्रमशः 1,000 रु., 600 रु. और 400 रु. निजी व्यय हेतु निकाले। आहरण पर ब्याज क्रमशः 200 रु., 100 रु. और 140 रु. था। साझेदारों की पूँजी खाते तथा लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए। [6]

***अथवा***

वीरेन्द्र, सिद्धार्थ और रूपेन्द्र 2 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। उनकी पूँजी क्रमशः 10,000 रु., 10,000 रु. और 5,000 रु. हैं। उन्हें 5% पूँजी पर ब्याज प्राप्त होता है। वीरेन्द्र को 200 रु. प्रति माह वेतन दिया जाता है। वर्ष में साझेदारों के आहरण क्रमशः 3,000 रु., 2,000 रु. तथा 1,000 रु. रहें, जिन पर 5% की दर से ब्याज लिया जाता है। साझेदारों के पूँजी खाते तथा लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए। उपरोक्त समायोजन के पूर्व फर्म का लाभ 40,000 रु. था।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-15** वेद और विलास साझेदारी में 3/5 और 2/5 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते हैं। 31 दिसंबर, 2017 को उनका चिट्ठा निम्नानुसार था :

| दायित्व | राशि (रु.) | संपत्तियाँ | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| सामान्य संचिति | 800 | हस्तस्थ रोकड़ | 650 |
| पूँजी— | | देनदार | 1,000 |
| वेद - 2,000 रु. | | स्कंध | 1,500 |
| विलास -1,000 रु. | 3,000 | यंत्र | 650 |
| | **3,800** | | **3,800** |

वे माधव को फर्म में 1/3 लाभ हेतु निम्न शर्तों पर साझेदार बनाते हैं—

(*i*) वह अपनी पूँजी के 1,000 देगा, (*ii*) फर्म की ख्याति 1,000 रु होगी, (*iii*) स्टॉक का मूल्य 500 रु. से बढ़ जाएगा (*iv*) देनदारों पर 5% संचिति का निर्माण करना है।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए। [6]

***अथवा***

शंकर और मंगल एक फर्म में 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। उनका चिट्ठा निम्नानुसार था :

| दायित्व | राशि (रु.) | संपत्तियाँ | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| पूँजी— | | रोकड़ | 650 |
| शंकर | 2,000 | देनदार 1,000 रु. | |
| मंगल | 1,000 | आयोजन -400 रु. | 600 |
| | | स्टॉक | 1,500 |
| लेनदार | 400 | मशीनरी | 650 |
| | **3,400** | | **3,400** |

उन्होंने उमेश को साझेदारी में इस शर्त पर प्रवेश दिया कि वह ख्याति के अपने भाग की प्रिमियम के लिए 1,000 रु. लायेगा और अपने 1/3 भाग हेतु आवश्यक पूँजी चुकायेगा। देनदारों पर आयोजन घटाकर 100 रु. तक कर दिया गया है। स्टॉक का मूल्य 2,000 रु. रखा जाएगा और मशीनरी का मूल्य 500 रु. रहेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-16 शर्मा लिमिटेड ने 100 रु. वाले 2000 समता अंश जनता में 5 रु. प्रति अंश प्रिमियम पर निर्गमित किये। आवेदन पर 20 रु., आबंटन पर 35 रु. (प्रिमियम सहित) तथा याचना पर 50 रु. प्रति अंश माँग की गई।

कुल 3000 अंशों हेतु आवेदन आये जिनका आबंटन निम्न प्रकार से किया गया :

| आवेदकों की श्रेणी | मांगे गये अंश | आबंटित अंश |
|---|---|---|
| I | 1800 | 1800 |
| II | 1000 | 200 |
| III | 200 | NIL |

आवेदन पर प्राप्त आधिक्य को आबंटन तथा याचना के लिए कर लिया गया। शेष राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [8]

*अथवा*

हिन्दुस्तान लिमिटेड ने 10 रु. वाले 50000 अंश 2 रु. प्रति अंश प्रिमियम पर निर्गमन किये गए। राशि निम्न प्रकार देय थी : https://www.cgboardonline.com
आवेदन पर 2 रु. प्रति अंश, आबंटन पर 5 रु. प्रति अंश (प्रिमियम सहित), शेष राशि दो समान याचनाओं पर समान किस्तों में।
कुल 60000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिनका आबंटन निम्न प्रकार किया गया—

A. 40000 अंशों के आवेदकों को — 40000 अंश
B. 15000 अंशों के आवेदकों को — 10000 अंश
C. 5000 अंशों के आवेदकों को — कुछ नहीं

समस्त राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं तथा आधिक्य का प्रयोग आबंटन में किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न-17 आशीष और रजनीश एक फर्म में 5:4 के अनुपात में साझेदार हैं। उन्होंने देवाशीष को 1/4 भाग हेतु साझेदारी में प्रवेश दिया। साझेदारों का नया अनुपात ज्ञात कीजिए—

(*i*) यदि देवाशीष अपना हिस्सा पुराने साझेदारों से बराबर-बराबर प्राप्त करे।

(*ii*) यदि देवाशीष अपना सम्पूर्ण हिस्सा आशीष से प्राप्त करे। [8]



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



***अथवा***

आनंद और केशव एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। उन्होंने महेश को 1/5 भाग हेतु फर्म में प्रवेश दिया। निम्न परिस्थितियों में साझेदारों का नया अनुपात ज्ञात कीजिए :

(*i*) यदि पुराने साझेदार अपना अनुपात पूर्ववत रखें।

(*ii*) यदि महेश अपना हिस्सा केशव से प्राप्त करे।

**खण्ड-( ब )**

***निर्देश*** : (*i*) प्रश्न क्रमांक **18** एवं **19** अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **23** दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं।

सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**प्रश्न-18** आदर्श तरलता अनुपात है : [1]

(*अ*) 2:1 (*ब*) 1:2

(*स*) 3:2 (*द*) 2:3

**प्रश्न-19** यदि विक्रय 4 लाख रु. हो तथा सकल लाभ लागत पर 25% है, तो सकल लाभ की राशि होगी : [1]

(*अ*) 80,000 रु. (*ब*) 1,00,000 रु.

(*स*) 60,000 रु. (*द*) 70,000 रु.

**प्रश्न-20** एक कम्पनी की पुस्तकों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात ज्ञात कीजिए : [4]

(*i*) बेचे गये माल की लागत 1,20,000 रु.

(*ii*) चल सम्पतियाँ 80,000 रु.

(*iii*) चल दायित्व 60,000 रु.



https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**अथवा**

एक कम्पनी की पुस्तकों से ली गई निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | संचालन से आय | 30,00,000 रु. |
| (ii) | चल सम्पतियाँ | 6,00,000 रु. |
| (iii) | चल दायित्व | 3,00,000 रु. |
| (iv) | गैर-चल दायित्व | 2,00,000 रु. |
| (v) | गैर-चल सम्पत्तियाँ | 5,00,000 रु. |

प्रश्न-21 निम्न सूचनाओं से तरलता अनुपात की गणना कीजिए : [4]

| | |
|---|---|
| चल दायित्व | 1,00,000 रु. |
| चल सम्पतियाँ | 1,60,000 रु. |
| स्कंध | 50,000 रु. |
| पूर्वदत्त व्यय | 10,000 रु. |
| व्यापारिक प्राप्य | 60,000 रु. |

**अथवा**

निम्न सूचनाओं से तरलता अनुपात ज्ञात कीजिए :

| | |
|---|---|
| स्टॉक | 80,000 रु. |
| कार्यशील पूँजी | 2,40,000 रु. |
| चल सम्पतियाँ | 4,00,000 रु. |

प्रश्न-22 वित्तीय विश्लेषण क्या है ? [4]

**अथवा**

क्षैतिज विश्लेषण और लम्बवत विश्लेषण में अंतर बताइए।

प्रश्न-23 वित्तीय विवरण के विश्लेषण के प्रकार का उल्लेख कीजिए। [6]

**अथवा**

चल अनुपात तथा तरलता अनुपात में अंतर स्पष्ट कीजिए।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



## खण्ड-( स )

*निर्देश* : (*i*) प्रश्न क्रमांक **18** और **19** अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **23** दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं।

सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**प्रश्न-18** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन है : [1]

(*अ*) सॉफ्टवेयर (*ब*) डाटाबेस

(*स*) हार्डवेयर (*द*) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-19** कम्प्यूटर है एक : [1]

(*अ*) लांचिग मशीन (*ब*) कैलकुलेटर

(*स*) कंट्रोलिंग मशीन (*द*) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-20** कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली से क्या आशय है ? [4]

***अथवा***

लेखांकन पैकेज क्या है ? इसके प्रकारों को समझाइए।

**प्रश्न-21** हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में अंतर लिखिए (कोइ ***चार***)। [1+1+1+1=4]

***अथवा***

व्यावहारिक सॉफ्टवेयर को समझाइए। [4]

**प्रश्न-22** डाटाबेस प्रबंधन क्या है ? [4]

***अथवा***

वर्ड प्रोसेसर क्या है ? समझाइए।

**प्रश्न-23** लेखांकन में कम्प्यूटर की भूमिका का वर्णन कीजिए। [6]

***अथवा***

हस्तलिखित और कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में अंतर बताइए।

..........



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com